# ज़ुल्म के खिलाफ़ आवाज़

Postal Regd. No.:MNW/308/2016-

वर्ष : ०४ अंक : ४६ मुंबई, शुक्रवार, १९ से २५ अक्टूबर २०१८ RNI No. : MAHHIN/2014/59999 पृष्ठ : ४ मूल्य : २/- रुपये

# घाटकोपर एन वार्ड के क्षेत्र में चल रहा अवैध बांधकाम





**इस्माईल खान**

**मुंबई :** यु तो मनपा (बृहन मुंबई महानगर पालिका ) मशहूर है अपने कामो से, वही दूसरी तरफ मनपा एन वार्ड के सहायक आयुक्त ने अपनी आँखों पे पट्टी बाँध ली है. मिली जानकारी के अनुसार सहायक आयुक्त भाग्यश्री कापसे जब एन वार्ड में अपने काम की कमान सभाली तो अवैध बांधकाम पर कड़ी कारवाई कर रही थी, परन्तु अब जैसे उन्हें किसी अवैध बाँधकाम की जानकारी दो तो एन वार्ड पूरा का पूरा गूँगा व बहरा हो जाता है जैसे उसे कुछ पता ही नहीं हो. बस कुछ ही ाक्त सहायक आयुक्त भाग्यश्री कापसे का यह अच्छा काम दिखाई दिया इसके बाद मानो एन वार्ड में भ्रष्टाचार पूरी तरह फैल गया.

ऐसा ही कुछ अवैध बांधकाम जिसको नोटिस दी जाती है फिर भी वह काम पूरा होता हुए नज़र आता है. कितनी भी शिकायत करने के बावजूद कांट्रेक्टर और टेनेंट अपना काम पूरा करते है. पार्कसाइड में २ मंज़िला मकान जिसकी २८० स्क्वायर फुट कानूनी तौर पर मंजूरी है, उसको स्टेट डिपार्टमेंट के स्ट्रक्चर को डेमोलिश करके अवैध तरह से आगे और पीछे की जगह कब्ज़ा करके उससे १२०० स्क्वायर फिट तक बढ़ाया जाता है जो की गैर कानूनी है. मनपा के सारे अधिकारी अपनी आँखों पे पट्टी बांधके सारे कामो का ज़िम्मा खुद लेते है. अगर कोई कंप्लेंट या तकरार करता है तो उस शिकायतकर्ता को दबाने की कोशिश की जाती है. स्टेट डिपार्टमेंट एन वार्ड ने नोटिस दिया था कि स्ट्रक्चर को फिर से २८० स्क्वायर करा जाये फिर भी उसके बावजूद अवैध बांधकाम बड़े जोरो-शोरो में चल रहा है. अब देखना यह है कि मनपा अधिकारी अपनी आँखों पे से पट्टी कब खोलेंगे? जब खोलेंगे तब कोई दुर्घटना घट जाएगी और कई मासूमो की जान पे बन आएगी?

# हीरा गोल्ड की चेयरमैन अलीमा नौहिरा बेगम शेख गिरफ्तार



**हैदराबाद :** हीरा गोल्ड कंपनी के चेयरमैन डॉ अलीमा नौहिरा बेगम शेख को ण्ण्ए पुलिस ने मंगलवार, १६ अक्टूबर को गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी ने अधिक ब्याज देने का झांसा देकर राष्ट्रीय स्तर पर सैंकडों करोड़ों रुपये डिपाजीट करवाएं। हैदराबाद के अलावा तिरुपति, बेंगलुरु, मुंबई आदि शहरों में हीरा गोल्ड के खिलाफ मामले दर्ज हुए हैं।

कंपनी के चेयरमैन ने कुल मिला कर १६ कंपनियों के नाम से बड़े पैमाने पर लोगों के साथ धोखाधड़ी कर करोड़ों रुपयों की राशि इकठ्ठा की। हीरा गोल्ड का लेन-देन १६० बैंकों के खातों में हुआ। नौहिरा शेख की गिरफ्तारी से निवेशक (डिपाजीटर) मियादी निवेश की राशि को लेकर चिंताग्रस्त है।

महिलाओं की ही नहीं अब धोखाधड़ी करने वालों की पहली पसंद बना 'हीरा'

बता दें कि निवेशकों की मियादी जमा राशि की अवधी खत्म होने के बावजूद उन्हें रुपये नहीं मिले। जिस पर बीते दिनों निवेशकों ने हीरा गोल्ड के खिलाफ आंदोलन किया था। हाल ही में सौ से अधिक निवेशकों ने हीरा गोल्ड के खिलाफ आंदोलन किया, जिसमें हैदराबाद के अलावा अन्य मेट्रो शहरों के निवेशक शामिल थे।

# मुंबई-नागपुर मार्ग से विधायक पर जानलेवा हमला

**आसिफ खान**

**मुंबई :** हत्या, लूट, मारामारी जैसी आपराधिक घटनाएं नागपुर में अपने चरम पर हैं। ऐसे में मुंबई में भी कानून-सुव्यवस्था की भी धज्जियां उड़ रही हैं। दादर में दिन दहाड़े हत्या की घटना के बाद उसी रात शिवसेना विधायक पर जानलेवा हमले से मुंबई भी अब नागपुर शहर बनती दिखाई दे रही है। शहर में बढ़ते आपराधिक घटनाओं को लेकर अब जनता यह सवाल कर रही है कि मुख्यमंत्री का गृह मंत्रालय क्या कर रहा है? गुरुवार को शहर में दो बड़ी आपराधिक घटनाएं घटी। सवेरे दादर फूल मार्केट के पास एक युवक की गोली मारकर दिन दहाड़े हत्या कर दी गई। गुरुवार रात ही कुछ गुंडों ने मानखुर्द स्थित महाराष्ट्र नगर इलाके में शिवसेना विधायक तुकाराम काते पर जानलेवा हमला किया। हालांकि इस हमले में वे बाल-बाल बच गए क्योंकि युवासेना के उपविभाग अधिकारी सुनील सावंत ने हमलावरों की तलवार को अपने हाथों से रोक दिया। हमलावर फिर भी नहीं




माने उन्होंने सावंत को ढकेलते हुए तुकाराम काते पर फिर से जानलेवा हमला करने की कोशिश की लेकिन इस बार उनके सुरक्षा रक्षक दोरुगडे ने उनकी तलवार पकड़ ली। सावंत और दोरुगडे के साहस के चलते काते जहां बच गए, वहीं हमलावर भाग खड़े हुए। सुनील सावंत की शिकायत पर ट्रांबे पुलिस ने महेश लोंढे, राहुल पवार, संदीप पुतला, ओमप्रकाश, कुलदीप आडे, निलेश राणे, नवनाथ मतकर सहित पांच से छह अज्ञातों के खिलाफ भादंवि की धारा १४७, १४८, १४९, ३०७, ३२४, ५०४, ५०६ के तहत मामला दर्ज किया है। तुकाराम काते पर हुए इस हमले के पीछे मेट्रो के ठेकेदारों का हाथ बताया जाता है।

# बॉयफ्रेंड निकला मॉडल का हत्यारा

**शाईस्ता शेख**

**मुंबई :** मालाड-पश्चिम स्थित माइंड स्पेस के पास कल ट्रॉली बैग में मिली युवती की लाश की गुत्थी बांगुर नगर पुलिस ने सुलझा ली है। मृतका एक मॉडल थी। हत्या के इस सनसनीखेज मामले में पुलिस ने मृतका के २०वर्षीय प्रेमी को गिरफ्तार किया है। बता दें कि मृतका का नाम मानसी दीक्षित था, जो कि एक स्ट्रगलिंग मॉडल थी। मूलरूप से हैदराबाद की निवासी मानसी मुंबई के पश्चिमी उपनगर अंधेरी में रहती थी। मॉडलिंग के सिलसिले में संघर्ष के दौरान मानसी की मुलाकात मुजम्मिल सैयद से हुई थी। दोनों की मुलाकात दोस्ती और फिर प्यार में तब्दील हो गई। कल मुजम्मिल ने फोन करके मानसी को ओशिवरा स्थित अपने घर बुलाया था। वहां किसी बात पर दोनों में जमकर झगड़ा हुआ। इसी झगड़े में गुस्साए मुजम्मिल ने किसी भारी वस्तु से मानसी के सिर पर वार कर दिया, इससे मानसी अचेत होकर वहीं गिर गई। बेहोश मानसी का डोरी से गला घोंटने के बाद मुजम्मिल लाश को ट्रॉली बैग में भरकर मालाड-पश्चिम के माइंड स्पेस स्थित डबल रोड इलाके में ले आया और बैग वहीं सड़क किनारे झाड़ियों में फेंक दिया।



# सैयद अहमद ख़ान

सर सैयद अहमद खान. मुसलमानों के लिये एक नाम, जो २०० साल पहले पैदा हुआ और २०० साल आगे की बात करता था. विरोधी कहते रहे कि ये आदमी अंग्रेजियत का मारा था. अंग्रेजी सिर में घुसी थी. पुराने जमाने के नॉस्टैल्जिक लोगों को ये इस्लाम को डुबाने वाले लगते थे.

मुगल राज खत्म होने के बाद मुसलमान समाज का अपर क्लास अस्तित्व बचाने के लिये लड़ रहा था. वहीं लोअर क्लास जो कि कारीगर था, ब्रिटिश इंडस्ट्रियल सामान के मार्केट में आने से बेरोजगार हो रहा था. उधर बंगाल में राममोहन राय और उनके बाद के लोगों के कामों के चलते हिंदू समाज पढ़-लिख के नौकरियों में आ रहा था. तो अपने बादशाहों की शानो-शौकत को याद कर आहें भरने के अलावा कुछ नजर नहीं आ रहा था मुस्लिम समाज को.

सैयद अहमद खान ने इसके लिये एक प्लान बनाया. साइंटिफिक सोसाइटीज, एजुकेशनल इंस्टीट्यूट चलाने शुरू किये. साइंटिफिक चीजों का अनुवाद होने लगा. मैगजीन आने लगी, जिसमें सोशल रिफॉर्म पर बात हो रही थी. तरीका यही था कि अचानक से सब कुछ बदलने की बात ना कर ट्रेडिशन और मॉडर्निटी दोनों को एक साथ रखा जाये. और धीरे-धीरे बदला जाये.

अब अगर इस चीज को आज के नजरिये से देखें, तो यही लगेगा



**भारत देश की बड़ी शख्सियत सर सय्यद अहमद खान को आज भी याद करते है आल इंडिया मैजलीसे इत्तेहादे मुस्लिमीन के युवा कार्याकर्ता मुराद हुसैन अंसारी**

कि सैयद अहमद खान परंपरा को तोड़ने से डरते थे. फूंक-फूंक कर कदम रखते थे. अंग्रेजी राज के हिमायती थे. १८५७ में कहां थे. कांग्रेस से चिढ़ते क्यों थे. औरतों के मामले में इस्लाम के ठेकेदारों से दो-दो हाथ करने में डरते थे. पर ऐसा नहीं था. उस वक्त की स्थिति आमूल-चूल बदलाव लायक नहीं थी. सैयद अहमद खान का सबसे बड़ा योगदान था अलीगढ़ आंदोलन. १८५९ में उन्होंने मुरादाबाद में गुलशन स्कूल खोला. १८६३ में गाजीपुर में विक्टोरिया स्कूल खोला. १८६७ में मुहम्मडन एंग्लो-ओरियंटल स्कूल खोला. उसी दौरान वो इंग्लैंड भी गये. और वहां की एजुकेशन से बड़े प्रभावित हुये. लौटने के बाद अपने स्कूलों को वैसा ही बनाने की कोशिश करने लगे. ये स्कूल १८७५ में कॉलेज बन गया. सैयद की मौत के बाद १९२० में ये यूनिवर्सिटी बन गया.

सैयद अहमद खान एक और जगह फंसे थे. उनका मानना था कि अपने हक के लिये मुसलमानों को अंग्रेजों के साथ मिलकर रहना चाहिये. ये चीज उस वक्त के लोगों को नागवार गुजरती थी, क्योंकि लोगों ने अंग्रेजों के खिलाफ लड़ने में बहुत कुछ गंवा दिया था. सैयद ने इस अंतर को पाटने के लिये दो पैंपलेट भी लिखे. Loyal Muhammadans of India और Cause of Indian Revolt. बाइबल पर भी लिखा जिसमें ये बताने की कोशिश की कि इस्लाम और क्रिश्चियनिटी काफी क्लोज हैं. फिर उन्होंने मुसलमानों को कांग्रेस जॉइन करने से मना भी किया. खुद को ऑफर मिलने के बाद भी नहीं गये. वजह दी कि पहले पढ़ाई जरूरी है. जब तक ब्रिटिश सिस्टम को समझेंगे नहीं, पार्टिशिपेट कैसे करेंगे. सैयद का पूरा फोकस था मुस्लिम समाज को पढ़ाई के जरिये बदलने पर. किसी से गिला-शिकवा ना रहे. बल्कि अपने दम पर सब कुछ हासिल किया जाये.




**१६.१७.१८.१९.२०.अक्टूबर चार दिन तक मतदाता पहचान पत्र अभियान गुलशन नगर जोगेश्वरी पश्चिम में फवाज मेमन द्वारा आयोजित किया गया. जोगेश्वरी पश्चिम में रहने वालों के लिए समाजवादी पार्टी के उत्तर पश्चिम जिला अध्यक्ष फवाज मेमन द्वारा१६.१७.१८.१९.अक्टूबर चार दिन तक मतदाता पहचान पत्र अभियान मखदूम इंटरप्राइजेज गुलशन नगर जोगेश्वरी पश्चिम मैं सुबह १०:०० से शाम ५:०० बजे के बीच चलाया जाएगा जिन लोगो को मतदाता पहचान पत्र के बारे में कोई भी जानकारी चाहिए वो यहाँ से ले सकते है.**












## संपादकीय...

# यौन शोषण के खिलाफ

*यौन शोषण के मामलों को उजागर करने के लिए अमेरिका में 'मी टू नाम से शुरू हुआ अभियान दुनिया के अन्य देशों में असर दिखाने के बाद भारत में भी हलचल पैदा कर रहा है। भारत में इस अभियान का असर दिखना इसलिए अच्छा है, क्योंकि यह एक सच्चाई है कि अपने यहां भी महिलाओं का यौन शोषण किया जाता है। वस्तुत: यह सदियों से होता चला आ रहा है। समर्थ-सक्षम लोग अपने पद या प्रभाव का बेजा इस्तेमाल कर महिलाओं को अपनी यौन लिप्सा शिकार बनाते हैं। हाल में फिल्म व टीवी जगत के साथ ही अन्य क्षेत्रों में यौन शोषण के जो कुछ बेहद चर्चित या फिर एक दायरे तक सीमित मामले सामने आए हैं, वे तो महज बानगी हैं। यह सहज ही समझा जा सकता है कि यौन प्रताड़ना का शिकार हुई तमाम महिलाएं ऐसी होंगी, जो अपनी आपबीती बयान करने का साहस नहीं जुटा पा रही होंगी। नि:संदेह यह 'मी टू अभियान के प्रति भारतीय समाज के रुख-रवैये पर निर्भर करेगा कि यौन प्रताड़ना से दो-चार हुई महिलाएं भविष्य में अपनी आपबीती बयान करने के लिए आगे आती हैं या नहीं? जो भी हो, यौन शोषण के हाल के जो मामले सामने आए हैं, वे यही प्रकट कर रहे हैं कि अब महिलाएं चुप बैठने वाली नहीं। यदि समाज को यह संदेश सही तरह जाता है कि महिलाओं की किसी मजबूरी का लाभ उठाकर उनका दैहिक शोषण करने वाले देर-सबेर बेनकाब होने के साथ ही शर्मसार हो सकते हैं, तो फिर ऐसे तत्वों पर लगाम लग सकती है। यह लगाम लगनी ही चाहिए, लेकिन यह काम केवल यौन शोषण रोधी सक्षम कानूनों और अदालतों की सक्रियता एवं संवेदनशीलता से ही नहीं होने वाला। समाज को भी अपना रवैया बदलना होगा, ताकि प्रथमदृष्टया दोषी दिखने वाले नरमी के हकदार न बनने पाएं। पुरुष प्रधान समाज में महिलाओं का शोषण एक कटु सत्य है, लेकिन 'मी टू अभियान की अपनी सीमाएं भी हैं। इसमें संदेह है कि यौन शोषण के जो मामले सामने आए हैं, उनमें कठघरे में खड़े और लांछित हो रहे लोगों को आसानी से दंडित किया जा सकता है। एक तो चार-छह-दस साल पुरानी घटना के प्रमाण मिलना कठिन हैं और दूसरे, उन्हें साबित करना भी मुश्किल है। एक समस्या यह भी है कि खराब आचरण और यौन प्रताड़ना के बीच एक विभाजन रेखा है। कुछ मामलों में यह विभाजन रेखा खत्म होती सी दिखती है।*

*इसी तरह इसकी भी अनदेखी नहीं की जा सकती कि अभी हाल में अमेरिकी सुप्रीम कोर्ट में राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की ओर से नामित ब्रेट कैवनॉघ यौन शोषण के आरोपों से घिरने के बाद भी न्यायाधीश की शपथ लेने में कामयाब रहे। ऐसा इसलिए हुआ, क्योंकि सुबूतों के अभाव में उनके खिलाफ लगे आरोप प्रमाणित नहीं हो सके। इसी कारण तमाम विरोध के बावजूद सीनेट ने उनके नाम को मंजूरी प्रदान की। ऐसा ही अन्य मामलों में भी हो सकता है। यह कहना कठिन है कि भारत में सहसा शुरू हुए 'मी टू अभियान का अंजाम क्या होगा, लेकिन महिलाओं को यौन शोषण से बचाए रखने वाले माहौल का निर्माण हर किसी की प्राथमिकता में होना चाहिए।*

# बॉलीवुड समाचार



## ऋषि को कैंसर होने की खबरों के बीच रणधीर ने कहा-बिना टेस्ट रिपोर्ट, ऐसा नहीं कह सकते



**ऋषि** कपूर को क्या कैंसर हुआ है? वे क्या थर्ड स्टेज के कैंसर से जूझ रहे हैं? इसी का इलाज कराने क्या वो अमेरिका गए हैं? फैन्स ऐसे कई कयास सोशल मीडिया पर लगा कर रहे हैं। इसी बीच ऋषि कपूर के भाई रणधीर कपूर ने एक एंटरटेनमेंट साइट को इंटरव्यू देकर कहा है-

ऋषि कपूर की तबीयत अच्छी है। उनके टेस्ट गुरुवार से शुरू होने वाले हैं। जब तक के टेस्ट नहीं हो जाते हैं, तब तक हम यकीन से कैसे कह सकते हैं कि आखिर उन्हें क्या हुआ है? इस तरह की सभी अटकलों का मैं खंडन करना चाहता हूं। ये हमारे लिए बेहद बुरा वक्त है। अभी-अभी हमने हमारी माताजी (कृष्णा राज कपूर) को खोया है। इस बीच ऋषि को लेकर अटकलें लगाया जाना बहुत ही बुरा है।

मां के अंतिम संस्कार में शामिल नहीं हो पाए ऋषि: सोमवार को ऋषि और रणधीर की मां कृष्णा राज कपूर का हार्ट अटैक से निधन हो गया था और इलाज के लिए अमेरिका में होने के चलते ऋषि अंतिम संस्कार में शामिल नहीं हो पाए थे। उनकी पत्नी नीतू कपूर और बेटे रणबीर कपूर भी इस वक्त ऋषि के साथ अमेरिका में ही हैं। ऐसी खबरें हैं कि उनका इलाज न्यूयॉर्क में उसी हॉस्पिटल में चल रहा है जहां सोनाली बेंद्रे कैंसर का इलाज करा रही हैं।

## तनुश्री के बिग बॉस में जाने की अफवाह, एमएनएस कार्यकर्ताओं ने कहा- सेट को तोड़ डालेंगे



**पुणे.** अभिनेता नाना पाटेकर, महाराष्ट्र नवनिर्माण सेना(एमएनएस) पर आरोप लगाकार सुर्खियों में आई एक्ट्रेस तनुश्री दत्ता के बिग बॉस के घर में जाने की चर्चा है। इस बीच मंगलवार को राज ठाकरे की पार्टी के कुछ कार्यकर्ताओं ने लोनावला स्थित रियलिटी शो 'बिग बॉस' के सेट पर जाकर उसके निर्माताओं से मुलाकात की और उन्हें चेतावनी जारी करते हुए कहा कि अगर तनुश्री को बिग बॉस में लाया गया तो शो के सेट को उखाड़कर फेंक देंगे। सोमवार को एक्ट्रेस ने एमएनएस की तुलना आतंकी संगठन आईएसआईएस से की थी।

## सलमान खान की 'भारत' से जुड़ा ये बड़ा स्टार



**सलमान** खान की 'भारत' की शूटिंग चल रही है जो अगले वर्ष ईद पर रिलीज होगी। इस फिल्म में कैटरीना कैफ लीड रोल में हैं। साथ में दिशा पटानी का भी महत्वपूर्ण रोल है। सलमान खान इस फिल्म में १८ वर्ष से लेकर ७० वर्ष तक के दिखाई देंगे। उनके उम्र के अलग-अलग पड़ावों के जरिये भारत में होने वाली महत्वपूर्ण घटनाएं दिखाई जाएंगी। फिल्म के बारे में ताजा खबर यह मिली है कि वरुण धवन को भी इससे जोड लिया गया है। जब वरुण को यह फिल्म ऑफर की गई तो उन्होंने तुरंत स्वीकार ली। उनका रोल लंबा नहीं लेकिन महत्वपूर्ण जरूर होगा। सलमान और वरुण पर जल्दी ही सीन फिल्माए जाएंगे। वरुण तो फिल्म की शूटिंग करने के लिए आबू धाबी रवाना भी हो गए हैं। वे सलमान की इस फिल्म का हिस्सा बनने पर खुश बताए जा रहे हैं।

वरुण की हिट फिल्म 'जुड़वां २' में सलमान ने कैमियो किया था जो कि सलमान की १९९७ में रिलीज हिट फिल्म का सीक्वल था। शायद इसीलिए वरुण ने भारत में काम करना मंजू किया है।

## करिश्मा कपूर के एक्स हसबैंड संजय कपूर बनने वाले हैं पापा



**करिश्मा** कपूर और संजय कपूर के बीच चले लंबे विवाद के बारे में सभी जानते हैं। दोनों की शादी ठीक नहीं चली और आखिरकार तलाक पर ही खत्म हुई। इसके बाद संजय ने प्रिया सचदेव के साथ शादी की खबर है कि संजय के घर नया मेहमान आने वाला है। प्रिया जल्दी ही बच्चे को जन्म देने वाली है। संभवत: दिसम्बर में वे मां बन जाएं। संजय की यह तीसरी शादी है। वहीं प्रिया की यह दूसरी शादी है। प्रिया की पहली शादी से एक बेटी है। दूसरी ओर संजय को दूसरी शादी से दो बच्चे (एक बेटा, एक बेटी) हैं। दोनों बच्चे करिश्मा के ही साथ रहते हैं। करिश्मा और संजय ने एक-दूसरे पर कई आरोप लगाए थे। करिश्मा ने बताया था कि संजय ने उन्हें किस तरह से परेशान किया था। २०१६ में दोनों के बीच तलाक हो गया था। संजय कपूर बड़े बिजनेसमैन हैं जबकि प्रिया मॉडल रह चुकी हैं।

## वायरल हो रही प्रभास की ये तस्वीर, दिखा क्लीन शेव Look



**बाहुबली** फेम एक्टर प्रभास की फिल्म साहो अगले साल रिलीज होगी. इन दिनों प्रभास की एक फोटो सोशल मीडिया पर वायरल हो रही है, जिसमें वे क्लीन शेव लुक में दिख रहे हैं. ये तस्वीर इटली की है. दरअसल, साहो के बाद प्रभास ने अगली फिल्म की शूटिंग शुरू कर दी है. ये एक रोमांटिक मूवी है. जिसे राधा कृष्णा कुमार डायरेक्टर कर रहे हैं. इसमें प्रभास के अपोजिट पूजा हेगड़े नजर आएंगी. मूवी की शूटिंग इटली में शुरू हो चुकी है. इसी दौरान क्लिक की गई प्रभास की ये तस्वीर सामने आई है. जो कि उनके फैंस के बीच छाई हुई है. तस्वीर में प्रभास का नया लुक देखने को मिल रहा है.

बात करें साहो की तो, ये प्रभास की फिल्म है, लेकिन इसमें बॉलीवुड की लंबी चौड़ी स्टारकास्ट देखने को मिलेगी. फिल्म में जहां प्रभास के अपोजिट श्रद्धा कपूर नजर आएंगी. वहीं नील नितिन मुकेश नेगेटिव रोल में होंगे. इसके अलावा जैकी श्रॉफ, मंदिरा बेदी, चंकी पांडे, महेश मांजरेकर भी साहो में नजर आएंगे.

प्रभास की फिल्म बाहुबली और बाहुबली-२ ने करोड़ों की कमाई की थी. इस फिल्म ने दुनियाभर में कई रिकॉर्ड तोड़े थे. इसके बाद से प्रभास को लेकर फैंस में दीवानगी का आलम है. साहो में प्रभास कई खतरनाक स्टंट करते नजर आएंगे. फिल्म का एक स्टंट दुनिया की सबसे ऊंची इमारत दुबई की बुर्ज खलीफा पर शूट करने की खबरें हैं.

## आरोपी के खिलाफ सबूत नहीं जुटा पाई तनुश्री तो जीत मुश्किल : एडवोकेट आदित्य प्रताप

मुंबई. सेक्शुअल हैरेसमेंट के मामले दुर्भाग्य से पेचीदा रहे हैं। इतने कि उनमें आरोपी को गुनहगार साबित करना मुश्किल होता है। सारे चश्मदीद गवाह अगर आरोपी के पक्ष में हैं तो विक्टिम के लिए आरोप साबित करना बहुत मुश्किल हो जाता है। बॉम्बे हाई कोर्ट के एडवोकेट आदित्य प्रताप ने इस मामले के सभी पहलू बताए। आदित्य वही एडवोकेट हैं, जिनके चलते मुंबई हाई कोर्ट ने मल्टीप्लैक्स में दर्शकों को अपना खाना लाने की छूट दी थी। आदित्य ने बताया- सुप्रीम कोर्ट ने पहले भी अपने कई जजमेंट्स में कहा है कि ईंदिं में देरी होने से गवाहों की याददाश्त प्रभावित होती है। ऐसा ही एक जजमेंट सुप्रीम कोर्ट ने १९९४ में भी दिया था, जिसमें नेहा राज सिंह ने यूपी गवर्नमेंट के खिलाफ केस किया था। सुप्रीम कोर्ट ने अपने फैसले में कहा था ईंदिं में देरी होने से कहानी बदल गई है। तनुश्री का मामला तो दस साल पुराना है। ऐसे में चश्मदीद गवाहों की याददाश्त निश्चित रूप से अफेक्ट हुई होगी।

## ठसाठस भरी ट्रेन में पैंट की चेन खोल युवती से करने लगा अश्लील हरकत

**मुंबई,** पुलिस ने मुंबई के नालासपोरा के एक २९ साल के युवक को ट्रेन में अश्लील हरकत करने के आरोप में गिरफ्तार किया है। अभिजीत सिंह नाम का यह युवक ट्रेन में भीड़ का फायदा उठा कथित तौर पर अपने पैंट की चेन खोल २४ साल की युवती के साथ अश्लील हरकत कर रहा था। युवती की चीख सुन लोगों ने आरोपी को पकड़ लिया। रेलवे पुलिस को सौंपने से पहले लोगों ने आरोपी की पिटाई भी कर दी। युवती अपने परिवार के १० लोगों के साथ विरार के एक मंदिर से लौट रही थी। ट्रेन जब बोरिवली स्टेशन से निकली तो उसे महसूस किया कोई उसे छू रहा है। लड़की ने अपनी शिकायत में बताया है, 'ट्रेन भरी हुई थी और मुझे नहीं पता चल पाया कि कौन ऐसा कर रहा है। ट्रेन जब जोगेश्वरी के पास पहुंच रही थी, तो मैं उस शख्स को देखने के लिए पीछे मुड़ी तो मैंने देखा कि यह आदमी अपने पैंट की चेन खोल मुझे छू रहा था।' युवती ने यह भी बताया है कि युवक को उसे याद आया कि वह विरार स्टेशन से ही उसका पीछा कर रहा था। युवती ने मदद के लिए उसी कंपार्टमेंट में मौजूद अपने परिजनों को आवाज लगाई। इसके बाद आसपास खड़े लोगों ने ही आरोपी युवक को पकड़ लिया। बाद में उसे अंधेरी स्टेशन पर रेलवे पुलिस के हवाले कर दिया गया।

## गिरफ्तार आरोपियों में कंपनी का पूर्व कर्मचारी भी शामिल

**ठाणे :** राजस्थान के उदयपुर स्थित फाइनैंस कंपनी के दो निदेशकों का अपहरण कर उनसे एक करोड़ की फिरौती मांगने वाले ६ आरोपियों को ठाणे पुलिस के हफ्तावसूली निरोधी दस्ते ने गिरफ्तार किया है। पकड़े गए लोगों मे मुंबई पुलिस का एक कॉन्स्टेबल तथा कंपनी का एक पूर्व कर्मचारी भी शामिल है।

**कागजात देखने के बहाने किया किडनैप**

गिरफ्तार आरोपियों के पास से पुलिस ने २५ लाख ७० हजार रुपये नगद, दो तलवारें, एक सोने की चेन और अंगूठी तथा कुछ मोबाइल जब्त किए हैं। पकड़े गए आरोपी पुलिस कॉन्स्टेबल तुकाराम कुशाबा मुदगन, लेनिन कुट्टीवट्टे, रोहित शेलार, सागर साल्वे, ओमप्रकाश जायसवाल तथा अभिषेक झा को १५ तारीख तक की पुलिस हिरासत में भेजा गया है। अपराध शाखा के उपायुक्त दीपक देवराज के मुताबिक राजस्थान के उदयपुर स्थित तिरुपति फाइनानिक्स निधि लिमिटेड कंपनी को आरोपियों ने बताया था कि ठाणे में उनका कंस्ट्रक्शन का बड़ा व्यवसाय है और उन्हें अपनी प्रॉपर्टी को विकसित करने के लिए बड़ा कर्ज लेना है। अपनी प्रापर्टी तथा उसके कागजात दिखाने के बहाने आरोपियों ने दोनों निदेशकों को ठाणे बुलाया था, ७ सितंबर को ठाणे पहुंचने पर उनका अपहरण कर लिया गया। उन्हें कल्याण स्थित एक लॉज में बंद कर रखा गया था।

**ड्राइवर से मिला सुराग**

अपहरणकर्ताओं ने दोनों को धमकाकर एक करोड़ रुपये की फिरौती मांगी थी और रुपये न देने पर उन्हें जान से मारने की धमकी दी गई थी। बातचीत के बाद मामला २५ लाख रुपये पर तय हुआ। अपहरणकर्ताओं ने उदयपुर में निदेशकों के एक रिश्तेदार को फोन कर २५ लाख रुपये लेकर कल्याण आने को कहा। अगले दिन उदयपुर से उक्त व्यक्ति अपने ड्राइवर के साथ रुपये लेकर अपनी गाड़ी से कल्याण पहुंचा। कल्याण में अपहरणकर्ता रुपये लेकर आए व्यक्ति को अपनी गाड़ी बिठाकर ले गए। वरिष्ठ निरीक्षक प्रदीप शर्मा के मुताबिक ड्राइवर ने अपहरणकर्ताओं की गाड़ी का नंबर देख लिया था, जिसने उसकी सूचना अपने मालिक के बोरीवली निवासी रिश्तेदार को दी। इसके बाद घटना की जानकारी हफ्तावसूली निरोधी दस्ते के निरीक्षक राजकुमार कोथमीरे को दी गई। प्रदीप शर्मा के मार्गदर्शन में राजकुमार कोथमीरे, विकास घोडके की टीम ने उक्त नंबर वाली गाड़ी तलाशना शुरू की, जो कल्याण के मार्केट से बरामद हुई। पुलिस ने गाड़ी में मौजूद चार आरोपियों को धर दबोचा।

पूछताछ के बाद पुलिस ने हाजी मलंग रोड स्थित लॉज पर छापा मारा। वहां बंद दोनों निदेशकों को छुड़ाने के बाद वहां मौजूद दो अन्य आरोपियों को भी गिरफ्तार किया गया। प्रदीप शर्मा के अनुसार अपहरण की योजना को अंजाम देने वाला मास्टरमाइंड लेनिन कुट्टीवट्टे पहले तिरुपति फाइनानिक्स निधि लिमिटेड में काम करता था, जिसे नौकरी से निकाल दिया गया था। लेनिन को कंपनी की स्थित की पूरी जानकारी थी। इसीलिए उसने पुलिस कॉन्स्टेबल तुकाराम कुशाबा मुदगन तथा ओमप्रकाश जायसवाल के साथ मिलकर अपहरण और फिरौती की योजना बनाई।

## गैंगरेप पीड़िता ने महाराष्ट्र के गृहराज्य मंत्री पर लगाया अभद्र व्यवहार करने का आरोप, शिकायत दर्ज



**मुंबई.** तनुश्री दत्ता यौन शोषण मामले में अभिनेता नाना पाटेकर के साथ खड़े नजर आये महाराष्ट्र के गृहराज्य मंत्री दीपक केसकर के खिलाफ एक महिला ने शिकायत दर्ज कराई है। महिला का आरोप है कि गैंग रेप के एक मामले की शिकायत लेकर जब वे मंत्री जी के पास गई तो उसे गालियां देकर वहां से भगा दिया गया। आरोप के मुताबिक, महिला और उसकी बेटी के साथ साल २०१७ में गैंगरेप हुआ था लेकिन पुलिस ने इसे रेप का मामला बता कर कई आरोपियों को दोष मुक्त कर दिया।

ड्रग्स देकर ७ लोगों ने किया रेप महिला ने मंत्री दीपक केसकर के खिलाफ मरीन ड्राइव पुलिस स्टेशन में शिकायत दर्ज कराई है। पीड़ित महिला का कहना है कि मई २०१७ में उसके और उसकी बेटी के साथ सात लोगों ने पहले ड्रग्स दिया और फिर बलात्कार किया था। उस संबंध में पुलिस ने एक शख्स के खिलाफ शिकायत दर्ज की लेकिन दूसरे छह आरोपियों के खिलाफ किसी तरह की कार्रवाई नहीं की।

**मंत्री के खिलाफ महिला के आरोप**

महिला ने पुलिस से दर्ज अपनी शिकायत में कहा है कि जब वो मंत्री जी से मिलने के लिए पहुंची तो वो भड़क उठे। उन्होंने कहा कि तुम्हारी औकात क्या है, ज्यादा बकबक मत करो। इस तरह से झिड़के जाने के बाद उसके बाहर का रास्ता दिखा दिया गया। महिला ने कहा कि जब राज्य के गृहमंत्री इस तरह का व्यवहार करेंगे तो आम लोग किसके पास अपनी फरियाद लेकर जाएंगे।

# शिक्षक से परेशान छात्र ने की आत्महत्या!

**मुंबई,** वालीव पुलिस स्टेशन क्षेत्र के खैरपाडा के एक स्कूल के शिक्षक पर आरोप है कि उसकी प्रताड़ना से तंग आकर ८वीं के एक छात्र ने आत्महत्या कर ली। पुलिस को मौके से एक सूइसाइड नोट मिला है, जिसमें छात्र ने शिक्षक को जिम्मेदार ठहराया है। वहीं, मृतक के पिता का आरोप है कि पुलिस ने स्कूल पर कार्रवाई करने के बजाय सूइसाइड नोट छुपाने की कोशिश की है। पुलिस के अनुसार, आदर्श चॉल निवासी सागर अजय दुबे (१४) माता-पिता और छोटे भाई के साथ रहता था। पिता ओला के तहत कार चलाते हैं। मां और छोटा भाई पिछले एक महीने से गांव में हैं। सागर घर के पास स्थित इम्मानुएल मिशन स्कूल में ८वीं में पढ़ता था।

वह पढ़ाई में होशियार था। ३ दिन पहले शिक्षक ने कहा कि वह जल्द से जल्द फीस भरे, वरना परीक्षा में बैठने नहीं मिलेगा। जब उसने यह बात पिता को बताई, तो पिता ने शिक्षक से बात करने की बात कही। पिता स्कूल में गए, लेकिन शिक्षक नहीं मिला।

सोमवार को सागर स्कूल गया और दोपहर १ बजे घर आया। उस पिता घर पर ही थे। खाना खाने के बाद सागर के पिता कार लेकर काम पर चले गए। शाम ७ बजे के करीब सागर ने घर की छत पर लगे लोहे के पाइप पर रस्सी के सहारे फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली।

कुछ देर बाद जब सागर के दोस्त घर आए, तो दरवाजा बंद था। कई बार आवाज देने के बाद भी जब दरवाजा नहीं खुला, तो दोस्तों ने खिड़की का कांच हटाकर देखा। सागर फंदे से झूल रहा था। दरवाजा तोड़कर आस-पास के लोगों ने उसे नीचे उतारा, तब तक वह मर चुका था।

पिता के आने के बाद पुलिस को सूचना दी गई। पुलिस को घटनास्थल से एक सूइसाइड नोट मिला है, जिसमें शिक्षक से परेशान होकर आत्महत्या की बात लिखी है। वहीं, स्कूल प्रशासन का कहना है कि हमने कभी उसे फीस भरने के लिए नहीं कहा। उसने यह कदम क्यों उठाया इससे हम भी आश्चर्य में हैं।

## नग्न होकर महिला को विडियो कॉल, गिरफ्तार

**मुंबई,** मुंबई पुलिस ने एक ऐसे आरोपी को गिरफ्तार किया है, जिसने नग्न होकर अंधेरी की महिला को विडियो कॉलिंग की थी। सीनियर इंस्पेक्टर नितिन अलकनुरे ने बताया कि आरोपी संजीत कुमार फुलसागर को कोर्ट ने मंगलवार तक पुलिस कस्टडी में भेज दिया है। फुलसागर को कुछ दिन पहले सड़क पर किसी का मोबाइल मिला था। उसने उस सिम का नंबर चेक किया। उसे अपना वॉट्सऐप नंबर बनाया और फिर उस सिम को फेंक दिया। बाद में उसने अपने मोबाइल में अपने नाम का जियो का सिम कार्ड डाल दिया। इसके बाद उसने उस ऐप को डाउनलोड किया, जिसमें वॉट्सऐप के तमाम नंबर मिलते हैं। उसने अपनी दिमागी और तकनीकी कलाकारी से ऐसे वॉट्सऐप नंबरों की डीपी को गौर से देखा और फिर उस नंबर पर वॉट्सऐप कॉल करने का फैसला किया, जिसकी डीपी में एक महिला का फोटो था। उसने महिला को पहले वॉट्सऐप भेजे। फिर वॉट्सऐप विडियो कॉलिंग करने लगा। उसने पहला विडियो कॉल ३० सितंबर को, जबकि दूसरा ४ अक्टूबर को किया। दोनों ही विडियो कॉल में वह पूरी तरह नग्न हो गया और महिला को शरीर का निचला हिस्सा दिखाने लगा। उसने महिला को बिना चेहरे की अपनी नग्न फोटो भी भेजीं। महिला ने फिर पुलिस में शिकायत की। पुलिस ने पहले उस व्यक्ति को बुलाया, जिसके नाम वॉट्सऐप मोबाइल नंबर रजिस्टर्ड था। उसने बताया कि उसका कुछ दिन पहले मोबाइल गिर गया था और उसने पुलिस में इस बारे में इसकी शिकायत भी दर्ज कराई थी। इसके बाद पुलिस ने यह पता किया कि यह वॉट्सऐप नंबर किस आईएमईआई नंबर वाले मोबाइल सेट में यूज हो रहा है। चूंकि आरोपी इसी मोबाइल में जियो का सिम कार्ड भी डाले हुए था, इसलिए पुलिस को संबंधित मोबाइल कंपनी से उसका नाम और घर का पता मिल गया। इसीलिए वह गिरफ्तार हो गया।

## BMC स्कूलों में पहलः दमदार विजन दिखाओ, स्कूल का मुखिया बन जाओ

**मुंबई,** सरकारी शिक्षा के दिल्ली मॉडल की सफलता की गूंज ने मुंबई में भी सरकारी मॉडल में सुधार के लिए प्रेरित किया है। स्कूल मुख्याध्यापक की चुनौती को अब केवल वरिष्ठता पर नहीं बल्कि योग्यता और कर्मठता के आधार पर भरने का सुझाव आया है। समाजवादी पार्टी के ग्रुप नेता रईस शेख ने इस संदर्भ में बीएमसी सभागृह में प्रस्ताव पेश किया, जिसे नगरसेवकों ने मंजूरी भी दे दी। अब कमिश्नर की हामी मिलने के बाद इस पर अमल हो सकेगा।

प्रस्ताव के मुताबिक, स्कूल मुख्याध्यापक के कुल पदों में से ५० प्रतिशत वरिष्ठता के आधार पर और ५० प्रतिशत का क्षमता के आधार पर चयन हो। ग्रेजुएशन कर चुके और न्यूनतम १२ साल का कार्यकाल पूरा कर चुके अध्यापक शेष ५० प्रतिशत पदों के लिए आवेदन कर सकेंगे। वरिष्ठ अधिकारियों की एक समिति उनका चयन करेगी, इसमें कॉर्पोरेट की तरह अध्यापक स्कूल और बच्चों को लेकर अपने विजन का प्रेजेनटेशन भी कर सकेंगे।

आम तौर पर, शिक्षकों को रिटायरमेंट के एक-दो साल पहले मुख्याध्यापक का पद दिया जाता है। जिसके बाद वे ज्यादातर कागजी प्रक्रिया में ही लगे रहते हैं। शिक्षा का स्तर सुधारने की कोशिश भी वे अक्सर नहीं कर पाते हैं। समाजवादी पार्टी के ग्रुप नेता रईस शेख ने बताया कि मुख्याध्यापक की एक पहचान होती है। यदि दमदार शिक्षकों को मौका मिले तो बीएमसी स्कूलों में शिक्षा का स्तर जरूर सुधरेगा।

## मुंबई के झुग्गी-बस्ती इलाके में देसी बम विस्फोट, नक्सल लिंक की आशंका, दो अरेस्ट

**मुंबई :** मुंबई, अंटॉप हिल झोपड़पट्टी में देसी बम बनाने के दौरान धमाका होने से अफरातफरी मच गई। हादसे में २ लोग जख्मी हो गए। पुलिस ने इस मामले में दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस को आरोपियों के नक्सल लिंक की भी आशंका है। फिलहाल मामले की जांच जारी है। पुलिस के अनुसार, बम वेस्ट बंगाल निवासी २२ वर्षीय अजरूल शेख बना रहा था। पुलिस ने बताया कि बम बनाने के दौरान धमाका हो गया, जिसकी चपेट में २ लोग आ गए। बम बनाने के आरोप में अंटॉप हिल पुलिस ने अजरूल और उसके एक सहयोगी को गिरफ्तार किया है। दूसरा आरोपी नाबालिग है। आरोपियों ने पुलिस को बताया कि वे पिछले कई महीने से देसी बम बना रहे हैं। पुलिस यह पता लगा रही है कि ये लोग बम किसके लिए तैयार करते थे। पुलिस को देसी बम बनाने वाली जगह से बॉल बियरिंग, छर्रे, कांच के टुकड़े और नुकीली चीजें मिली हैं, जिनके इस्तेमाल से बम बनाए जाते थे। पुलिस को शक है कि आरोपियों का नक्सलियों से संबंध तो नहीं है। अंटॉप हिल पुलिस, अपराध शाखा और एटीएस इस घटना की हर पहलू से जांच कर रही है। जोन-४ की डीसीपी एन.अंबिका ने बताया कि पुलिस ने दोनों आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज कर उन्हें गिरफ्तार कर लिया है। नालासोपारा में एटीएस ने हाल में छापेमारी कर बड़ी मात्रा में विस्फोटक बरामद किए थे। यह कार्रवाई सनातन संस्था से जुड़े वैभव राउत के घर और दुकान पर की गई थी, जिसमें करीब ८ देसी बम बरामद किए गए। राउत के घर के पास की एक दुकान से एटीएस ने बम बनाने की सामग्री भी जब्त की थी।

## डेंटिस्ट का फेक ट्विटर अकाउंट बनाया, सेक्स के लिए ग्राहक पहुंचा घर

**नवी मुंबई,** मुंबई के कोपरखैराने में रहने वाली एक डेंटिस्ट का फेक ट्विटर अकाउंट बनाकर उसमें एडिट करके गंदी तस्वीरें डाली गईं। इतना ही नहीं इस अकाउंट से लोगों को सेक्स के लिए आमंत्रित भी किया गया। डेंटिस्ट को इस बात की जानकारी तब हुई जब उसके घर में एक युवक पहुंचा और उसने बताया कि ट्विटर पर चैट करके उसने सेक्स के लिए उसे घर पर खुद बुलाया है। डेंटिस्ट ने पुलिस को इस मामले की तहरीर दी है। कोपरखैराने थाने की पुलिस ने बताया कि तहरीर मिलने के बाद उन्होंने अज्ञात लोगों के खिलाफ आईपीसी की विभिन्न धाराओं में केस दर्ज कर लिया है। पुलिस से फेक ट्वीटर अकाउंट की जांच कर रही है।

एसआई सम्राट वाघ ने बताया कि तहरीत में डेंटिस्ट ने कहा है कि ५ अक्टूबर की रात में लगभग साढ़े नौ बजे प्रदीप पटेल नाम का एक युवक उनके घर आया। उसने कहा कि डेंटिस्ट ने उससे ट्विटर पर चैट की थी और उसे सेक्स के लिए घर बुलाया है। डेंटिस्ट ने उस युवक को फटकार लगाई तो वह भाग गया। डेंटिस्ट ने जब ट्वीटर पर वह अकाउंट खंगाला तो हैरान हो गईं। उनके नाम से उस फेक अकाउंट में उनकी एडिट की हुई गंदी तस्वीरें भी पड़ी थीं। उसमें गंदे कमेंट्स और पोस्ट पड़े थे। उन्होंने पाया कि वह अकाउंट १ अप्रैल २०१४ से चल रहा था। पुलिस ने बताया कि साइबर सेल से इस केस में मदद मांगी गई है।

# प्रतिबंधित प्लास्टिक मिली, तो दुकानों पर लगेंगे ताले

**मुंबई,** प्रतिबंध के बाद भी प्लास्टिक की थैलियों के इस्तेमाल पर महाराष्ट्र के पर्यावरण मंत्री रामदास कदम ने भारी नाराजगी जताई है। उन्होंने चेतावनी दी है कि दुकानदार नहीं माने, तो उनकी दुकानों पर हमेशा के लिए ताले लगा दिए जाएंगे। उन्होंने कहा कि पहले दुकानदारों से हलफनामा लिया जाएगा कि वे प्रतिबंधित प्लास्टिक नहीं बेचेंगे और न ही उसका इस्तेमाल करेंगे। मंगलवार को प्लास्टिक बंदी को लेकर मंत्रालय में एक अहम बैठक हुई। इसमें युवासेना अध्यक्ष आदित्य ठाकरे भी मौजूद थे। बैठक में बोतलबंद पानी की तरह ही चिप्स नमकीन के पैकेट वापस देने पर भी भुगतान देने पर चर्चा की गई। सरकार ने निर्णय लिया है कि चिप्स और नमकीन जैसे खाद्य पदार्थों के खाली पैकेट के लिए कंपनियों को कलेक्शन सेंटर बनाने होंगे। कंपनियों को पैकेटों पर लिखना होगा कि वापस करने पर २५ पैसे या ५० पैसे मिलेंगे।



सभी प्रकार की प्लास्टिक थैलियां, चाय के कप, थर्माकोल ग्लास, डेकोरेशन थर्माकोल, होटल में पार्सल के लिए इस्तेमाल होने वाले प्लास्टिक के चम्मच और डिब्बों पर।

# बीएमसी ने प्रेशर घटाया, पानी का संकट छाया!

**मुंबईः** बारिश खत्म होते ही मुंबईकरों की समस्याएं बढ़ गई हैं। कई जगहों से पानी का दबाव कम में किसी भी प्र कार की कटौती न होने का दावा कर रहा है, लेकिन सूत्रों के अनुसार पानी का दबाव का प्रेशर लगभग सभी इलाकों में कम होने का आरोप नगरसेवक लगा रहे हैं। हालांकि प्रशासन की सफाई है कि बारिश के बाद अचानक खपत बढ़ने की वजह से जनता को ऐसा लग रहा है। हर महीने की जाएगी जलस्तर की समीक्षा कई जगहों से कम दबाव से पानी आपूर्ति की शिकायतें आ रही होने की खबरें आ रही हैं। इस बीच, कई इलाकों में पाइपलाइन का काम होने से भी आपूर्ति बाधित है। हालांकि प्रशासन जल आपूर्ति कम करके आपूर्ति की जा रही है। मामले की गंभीरता को देखते हुए प्रशासन ने साल में एक बार के बजाय हर महीने जलस्तर की समीक्षा करने का फैसला किया है। आंकड़ों के अनुसार, मुंबई में रोज ३,८०० मिलियन लीटर जल आपूर्ति की जाती है, लेकिन असल में आपूर्ति इससे ज्यादा की जाती है। महानगर को रोज ४,२०० मिलियन लीटर पानी की जरूरत होती है, लेकिन झीलों में जलस्तर कम होने से इस अतिरिक्त जल आपूर्ति पर पूरी तरह से रोक लगा दी गई है। सूत्र के अनुसार, सामान्य स्थिति में अतिरिक्त आपूर्ति कर दी जाती है, लेकिन अब यह संभव नहीं होगा। जल आपूर्ति हैं। पहले ऐसा नहीं था। गोरेगांव जवाहर नगर, भगत सिंह नगर समेत कई इलाकों में पानी आपूर्ति कम दबाव से की जा रही है। जनता रोज शिकायत कर रही है। ठाकुर कॉम्पलेक्स, ठाकुर विलेज समेत कांदिवली के कई इलाकों में पानी की परेशानी है। उच्च अधिकारियों ने स्थिति सुधारने का वादा किया है।






# चीफ जस्टिस बनने वाले थे, लेकिन ISI के खिलाफ मुंह खोला, बर्खास्त हो गए

**इस्लामाबाद,** पाकिस्तान की शक्तिशाली खुफिया एजेंसी आईएसआई के खिलाफ विवादित टिप्पणी करने पर इस्लामाबाद सुप्रीम कोर्ट के एक सीनियर जज को बर्खास्त कर दिया गया। जज ने बयान दिया था कि आईएसआई अपने पक्ष में फैसले पाने के लिए न्यायिक कार्यवाही में हेरफेर कर रहा है। खास बात यह है कि बर्खास्त जज शौकत अजीज सिद्दीकी अगले महीने इस्लामाबाद हाई कोर्ट के चीफ जस्टिस बनने वाले थे। शीर्ष न्यायिक परिषद (एसजेसी) ने जज सिद्दीकी को पद से हटाने की सिफारिश की थी। वह आईएसआई को निशाना बनाने वाले उनके भाषण को लेकर कथित कदाचार के मामले का सामना कर रहे थे। पाकिस्तान के राष्ट्रपति आरिफ अल्वी ने गुरुवार को उन्हें बर्खास्त किया।



न्यायमूर्ति सिद्दीकी ने २१ जुलाई को रावलपिंडी जिला बार असोसिएशन को संबोधित करते हुए आरोप लगाया था कि आईएसआई अपने पक्ष के फैसले पाने के लिए न्यायाधीशों की पीठ गठित करने हेतु न्यायिक कार्यवाही में हेरफेर कर रही है। उन्होंने कहा था, 'आज न्यायपालिका और मीडिया 'बंदूकवालों' के नियंत्रण में आ गए हैं। न्यायपालिका स्वतंत्र नहीं है। यहां तक कि मीडिया को सेना से निर्देश मिल रहे हैं। मीडिया सच नहीं बोल पा रही है क्योंकि वह दबाव में है और उसके अपने हित हैं... विभिन्न मामलों में, आईएसआई इच्छानुसार फैसले प्राप्त करने के लिए अपनी पसंद की पीठें बनाती है।' इस्लामाबाद उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश अनवर कांसी द्वारा सिद्दीकी के खिलाफ आरोप खारिज किये जाने के बाद सेना ने पाकिस्तान के प्रधान न्यायाधीश से इन टिप्पणियों पर संज्ञान लेने को कहा था।

# रिश्तेदारों को भेजे डॉक्टर दंपती के अंतरंग फोटो, मुंबई से सऊदी अरब कर रहा था ब्लैकमेलिंग

**मुंबई,** सऊदी अरब के एक डॉक्टर दंपती को २६ साल के एक युवक की वहां मदद करना भारी पड़ गया। मोहम्मद ताबीश मलिक नामक इस आरोपी ने इस दंपती का मोबाइल से डेटा चोरी कर उन्हें मुंबई आकर ब्लैकमेल करना शुरू कर दिया। ताबीश को रविवार को एसीपी नेताजी भोपले और इंस्पेक्टर संजय निकुंबे की टीम ने जोगश्वरी से गिरफ्तार किया है।

क्राइम ब्रांच के एक अधिकारी के अनुसार, शिकायतकर्ता डॉक्टर दंपती मूल रूप से जम्मू-कश्मीर के निवासी हैं। एमबीबीएस की डिग्री लेने के बाद कुछ साल से वे सऊदी अरब के एक सरकारी अस्तपाल में नौकरी कर रहे थे। वे वहां अक्सर एक खास मॉल से ही सामान खरीदते थे। मोहम्मद ताबीश इस मॉल में नौकरी करता था। खरीदारी के दौरान उसे पता चला कि डॉक्टर दंपती भारतीय हैं। इसीलिए उसने उनसे दोस्ती बढ़ानी शुरू कर दी। बाद में उसने उनसे थोड़ी आर्थिक मदद मांगी। डॉक्टर दंपती ने उसकी जब-तब हेल्प भी की।



कुछ पखवाड़े पहले डॉक्टर दंपती को सऊदी अरब में घर शिफ्ट करना था। उस दौरान उन्होंने ताबीश को उनकी मदद के लिए बुलाया। उसी दौरान आरोपी ने महिला डॉक्टर के मोबाइल का सारा डेटा अपने मोबाइल में ट्रांसफर कर लिया, जिसमें दंपती के अंतरंग फोटो भी थे। कुछ दिनों बाद पुरुष डॉक्टर एमडी की पढ़ाई के लिए जम्मू-कश्मीर आए। आरोपी मोहम्मद ताबीश को जब इस बारे में पता चला, तो उसने महिला डॉक्टर को ब्लैकमेल करने का फैसला किया, पर उसे डर था कि यदि वह सऊदी अरब में बैठकर यह सब करेगा, तो वहां पकड़े जाने पर उसे वहां बहुत सख्त सजा मिलेगी। इसीलिए २६ सितंबर को वह मुंबई भाग आया और जोगेश्वरी में अपने एक भाई के यहां रहने लगा। यहां आकर उसने दो-तीन सिम कार्ड खरीदे। एक मोबाइल ऐप बनाया और फिर सऊदी अरब में महिला डॉक्टर को ब्लैकमेलिंग के फोन करने लगा। उसने उनसे दो लाख रुपये का हफ्ता मांगा। ज्यादा दबाव बनाने के लिए उसने महिला डॉक्टर के कुछ रिश्तेदरों को डॉक्टर दंपती के अंतरंग सीन के फोटो भेज दिए। महिला डॉक्टर ने उसकी आवाज पहचान ली।

**पीलीभीत का मूल निवासी**

महिला डॉक्टर को सऊदी अरब के मॉल से पता चल गया था कि आरोपी मुंबई आया हुआ है। इसके बाद डॉक्टर सऊदी अरब से पहले जम्मू-कश्मीर गईं। वहां से वह पति को लेकर मुंबई आईं और फिर दोनों क्राइम ब्रांच में एसीपी नेताजी भोपले से शिकायत करने गए। उसी के बाद हुई जांच में आरोपी रविवार को गिरफ्तार कर लिया गया। इंस्पेक्टर संजय निकुंबे कहते हैं कि मुंबई में आरोपी के भाई का घर है। वह यूपी के पीलीभीत जिले के फरेदिया गांव का मूल निवासी है।

# ऑटो-रिक्शा संगठनों की अगले महीने हड़ताल!

**मुंबई,** कोपरखैरणे में महाराष्ट्र के विभिन्न ऑटो-रिक्शा संगठनों ने चार घंटे की लंबी बैठक के बाद अगले महीने हड़ताल पर जाने का फैसला लिया है। इस बैठक में तीन बिंदुओं के अजेंडे पर बात हुई। इसमें तय किया गया कि यदि राज्य सरकार द्वारा उनकी मांगें नहीं मानी गईं, तो वे आगामी २७ नवंबर से अनिश्चितकालीन हड़ताल पर जाएंगे। इस बैठक में मुंबई, पुणे, बीड, नागपुर, नासिक और विदर्भ की विभिन्न यूनियनें शामिल थीं। बैठक में किराया वृद्धि, थर्ड पार्टी इंश्योरेंस को हटाना और इसे ड्राइवरों के वेलफेयर फंड के तौर पर इस्तेमाल करना और अवैध ऑटो-रिक्शा को हटाने जैसे मुद्दों पर चर्चा की गई।



ऑटो रिक्शा संगठन चाहते हैं कि शुरुआती किराया १८ रुपये से बढ़ाकर २१ रुपये किया जाए। महाराष्ट्र राज्य ऑटो-रिक्शा चालक मालक संघ के अध्यक्ष शशांक राव ने कहा, 'राज्य सरकार ने अब तक खटुआ समिति के सुझावों को लागू नहीं किया। उन्हें हाकिम समिति द्वारा सुझाए गए फॉर्म्युले के आधार पर किराया वृद्धि करनी चाहिए। पिछले ३ वर्षों में किराया वृद्धि नहीं हुई है।'

इन मांगों के अलावा संगठन चाहते हैं कि थर्ड पार्टी इंश्योरेंस को भी हटाया जाए। यूनियन नेताओं का कहना है कि सड़क दुर्घटनाओं में रिक्शा का प्रतिशत अन्य वाहनों के मुकाबले काफी कम है, इसलिए थर्ड पार्टी इंश्योरेंस की जरूरत नहीं है। राज्यभर में तकरीबन ८.५ लाख रिक्शा चालक के पास परमिट हैं। इनके लिए इंश्योरेंस लगभग ६ हजार करोड़ रुपये है। यूनियनों का कहना है कि इस रकम को चालकों के हित में खर्च किया जाए।

# जनता सरकार की मस्ती उतारेगी

**मुंबई :** बसपा ने भाजपा सरकार पर जमकर हमला बोला है। शुक्रवार को पार्टी नेता अशोक सिंह ने भाजपा सरकार को निकम्मी करार देते हुए आरोप लगाया कि इस सरकार के राज में देश का विकास थम गया है। छोटे और मध्यम वर्ग के कारखानें बंद हो गए हैं। लोगों की नौकरियां छीन गई हैं। लोगों का जीना दूभर हो गया है। ऐसे में आनेवाले लोकसभा और विधानसभा के चुनाव में जनता इनकी मस्ती उतार देगी।

शुक्रवार को मराठी पत्रकार संघ में पार्टी के प्रभारी प्रमोद रैना, बीएसपी नेता अशोक सिंह, स्थानीय प्रभारी डॉ. नातू खंदारे, सचिव सुनील खांबे भाजपा सरकार पर जम कर बरसे। सिंह ने आरोप लगाया कि जिस गाजे-बाजे के साथ मोदी सरकार सत्ता में आई उसी तरह से जनता इन्हें सत्ता से उखाड़ फेंकेगी। अब जनता इस सरकार के खिलाफ है। पेट्रोल-डीजल की कीमतें रोज नए रिकॉर्ड बना रही हैं। इससे महंगाई बढ़ गई है। डॉलर के सामने मर रहा है। शेयर बाजार औंधे मुंह गिर रहा है। आगामी चुनाव में भाजपा सरकार को जनता उखाड़ फेंकेगी।

# गुजरात में गैर गुजरातियों पर हमला करवाकर मोदी को उत्तर प्रदेश, बिहार और गुजरात में कमजोर करना चाहती है कांग्रेस : भवानजी



**मुम्बई :** वरि... भाजपा नेता और मुम्बई के पूर्व उपमहापौर श्री बाबूभाई भवानजी ने कहा है कि गुजरात में गैर गुजरातियों पर हमले कराकर कोंग्रेस प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी को उत्तरप्रदेश, बिहार व गुजरात में कमजोर करना चाहती है ।

श्री भवानजी ने आज एक बयान में कहाकि कांग्रेस गुजरात में और पूरे देश में फिर से वर्ग संघर्ष की साम्यवादी नीति को लागू कर रही है और इसमें कोई संदेह नहीं है कि राहुल गांधी के निकट के वामपंथी ही ऐसे वर्ग संघर्ष के पीछे है। २०१५ में पाटीदार आंदोलन, फिर दलित आंदोलन और फिर ओबीसी आंदोलन जन्मा। इस तीनों आंदोलनों का उद्देश्य एक ही था बीजेपी को पाटीदार दलित और ओबीसी के मतों से वंचित करना और पूरे भारत में ऐसा स्थापित करना कि गुजरात का विकास का मॉडल जिसके दम पर नरेंद्र मोदी प्रधानमंत्री चुन के आएऔर बहुमत से सरकार बनाई वह मॉडल पूरी तरह से फेल है। उन्होंने कहाकि जब तीनों आंदोलन के पीछे कांग्रेस का हाथ एक्सपोज हो गया तो कांग्रेस ने एक नई रणनीति आजमाई। कांग्रेस के विधायक अल्पेश ठाकोर को

बिहार कांग्रेस का सह प्रभारी बनाया गया और बीजेपी को २०१४ में उत्तर प्रदेश और बिहार में से काफी सीटें मिली थी तो उसको तोड़ने के लिए और गुजरात में से उद्योग निकल जाए इसलिए गुजरात में एक बच्ची पर बलात्कार की जघन्य घटना को आधार बनाकर गुजरात में रह रहे नॉन गुजराती पर हमले


बाबूभाई भवानजी Ex-Dy. Mayor Mumbai
भाजपा
Mob. 9819851828

प्रकाशनार्थ

"गुजरात में गैर गुजरातियों पर हमला करवाकर मोदी को उत्तरप्रदेश, बिहार और गुजरात में कमजोर करना चाहती है कांग्रेस : भवानजी

मुम्बई : वरिष्ठ भाजपा नेता और मुम्बई के पूर्व उपमहापौर श्री बाबूभाई भवानजी ने कहा है कि गुजरात में गैर गुजरातियों पर हमले कराकर कोंग्रेस प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी को उत्तरप्रदेश, बिहार व गुजरात में कमजोर करना चाहती है । श्री भवानजी ने आज एक बयान में कहाकि कांग्रेस गुजरात में और पूरे देश में फिर से वर्ग संघर्ष की साम्यवादी नीति को लागू कर रही है और इसमें कोई संदेह नहीं है कि राहुल गांधी के निकट के वामपंथी ही ऐसे वर्ग संघर्ष के पीछे है। 2015 में पाटीदार आंदोलन, फिर दलित आंदोलन और फिर ओबीसी आंदोलन जन्मा । इस तीनों आंदोलनों का उद्देश्य एक ही था बीजेपी को पाटीदार दलित और ओबीसी के मतों से वंचित करना और पूरे भारत में ऐसा स्थापित करना कि गुजरात का विकास का मॉडल जिसके दम पर नरेंद्र मोदी प्रधानमंत्री चुन के आए और बहुमत से सरकार बनाई वह मॉडल पूरी तरह से फेल है। उन्होंने कहाकि जब तीनों आंदोलन के पीछे कांग्रेस का हाथ एक्सपोज हो गया तो कांग्रेस ने एक नई रणनीति आजमाई। कांग्रेस के विधायक अल्पेश ठाकोर को बिहार कांग्रेस का सह प्रभारी बनाया गया और बीजेपी को 2014 में उत्तर प्रदेश और बिहार में से काफी सीटें मिली थी तो उसको तोड़ने के लिए और गुजरात में से उद्योग निकल जाए इसलिए गुजरात में एक बच्ची पर बलात्कार की जघन्य घटना को आधार बनाकर गुजरात में रह रहे नॉन गुजराती पर हमले अल्पेश ठाकोर ने शुरू करवाये। श्री भवानजी ने कहाकि 29 सितंबर को फेसबुक लाइव करके अल्पेश ठाकुर ने साफ चेतावनी दी कि बलात्कारी को अगर ठाकुर सेना के हाथ में सौंप दिया होता तो उसका हिसाब हम कर देते इसका मतलब साफ है कि जो हमले ठाकुर सेना के लोग कर रहे इसके पीछे अल्पेश ठाकुर और कांग्रेस ही है उन्होंने कहाकि गुजरात में बीजेपी को मत देने वाले उत्तर प्रदेश और बिहार से आए हुए मजदूर लोग हैं जो यहां पर आकर धंधा रोजगारी कमाते हैं और पिछले लोकसभा चुनाव में उन्होंने अपने अपने गांव जाकर नरेंद्र मोदी के समर्थन में प्रचार भी किया था तो गुजरात में बीजेपी को नॉन गुजराती के मत ना मिले तथा उत्तर प्रदेश और बिहार जो कि लोकसभा की दृष्टि से सबसे बड़े राज्य है उसमें भी बीजेपी को मत ना मिले यह चाल कांग्रेस द्वारा अल्पेश ठाकोर के कंधे पर बंदूक रखकर चली जा रही है इसका तीसरा मकसद यह भी है कि अगर गुजरात में से उत्तर प्रदेश और बिहार के मजदूर चले जाएंगे तो गुजरात के उद्योग ही ठप हो जाएंगे। उन्होंने लोगो से अपील की है कि वे सावधान रहें और देश विरोधियों के घातक षड्यंत्रों का पर्दाफाश करें ।

अल्पेश ठाकोर ने शुरू करवाये। श्री भवानजी ने कहाकि २९ सितंबर को फेसबुक लाइव करके अल्पेश ठाकुर ने साफ चेतावनी दी कि बलात्कारी को अगर ठाकुर सेना के हाथ में सौंप दिया होता तो उसका हिसाब हम कर देते इसका मतलब साफ है कि जो हमले ठाकुर सेना के लोग कर रहे इसके पीछे अल्पेश ठाकुर और कांग्रेस ही है। उन्होंने कहाकि गुजरात में बीजेपी को मत देने वाले उत्तर प्रदेश और बिहार से आए हुए मजदूर लोग हैं जो यहां पर आकर धंधा रोजगारी कमाते हैं और पिछले लोकसभा चुनाव में उन्होंने अपने अपने गांव जाकर नरेंद्र मोदी के समर्थन में प्रचार भी किया था तो गुजरात में बीजेपी को नॉन गुजराती के मत ना मिले तथा उत्तर प्रदेश और बिहार जो कि लोकसभा की दृष्टि से सबसे बड़े राज्य है उसमें भी बीजेपी को मत ना मिले यह चाल कांग्रेस द्वारा अल्पेश ठाकोर के कंधे पर बंदूक रखकर चली जा रही है इसका तीसरा मकसद यह भी है कि अगर गुजरात में से उत्तर प्रदेश और बिहार के मज़दूर चले जाएंगे तो गुजरात के उद्योग ही ठप हो जाएंगे। उन्होंने लोगो से अपील की है कि वे सावधान रहें और देश विरोधियों के घातक षड्यंत्रों का पर्दाफाश करें।

# लोकल दंबगों पर पुलिस की दबिश, डोर ब्लॉक करनेवालों से जुर्माना वसूला



**पालघर :** दबंग रेल यात्री ट्रेन के दरवाजे को ब्लॉक करते दिखाई देते हैं। अगले स्टेशन पर रेल यात्री जब ट्रेन में चढ़ने की कोशिश करते हैं तो इन दबंगों के कारण वे ट्रेन में नहीं चढ़ पाते हैं। यदि चढ़ भी गए तो ट्रेन के पायदान पर लटकते दिखाई देते हैं। यही कारण होता है कि कई बार ट्रेन के पायदान पर लटकने से उनका हाथ छूट जाता है और वे दुर्घटना का शिकार हो जाते हैं। हालांकि पिछले कई दिनों से आरपीएफ जवानों द्वारा ट्रेनों की डोर ब्लॉकिंग करनेवालों पर लगातार कार्रवाई की जा रही है।

इस मामले में पश्चिम रेलवे आरपीएफ आई.जी.ए.के. सिंह के आदेशानुसार सीनियर वरिष्ठ मंडल सुरक्षा आयुक्त / मुंबई सेंट्रल अनूप शुक्ला के मार्गदर्शन में विरार रेलवे स्टेशन आरपीएफ इंचार्ज जी.एन.मल्ल के नेतृत्व में आरपीएफ की विशेष टीम द्वारा विरार से बोरीवली स्टेशन तक ट्रेनों की डोर ब्लॉकिंग करनेवाले रेलयात्रियों पर पैनी नजर रखी जा रही है। पिछले कई दिनों से चल रही इस मुहिम से ट्रेनों की डोर ब्लॉकिंग करनेवालों पर शिकंजा कसता ही जा रहा है। आरपीएफ की विशेष टीम ने ४ अक्टूबर २०१८ से लेकर अबतक २६२ डोर ब्लॉकिंग करनेवाले रेलयात्रियों पर कार्रवाई की है। उक्त रेलयात्रियों को रेलवे कोर्ट में पेश किया गया। कोर्ट के निर्देशानुसार जुर्माना के तौर पर कुल मिलाकर १ लाख ३१ हजार रुपए दंड स्वरूप वसूला गया। इस मामले में आरपीएफ इंचार्ज जी.एन. मल्ल ने बताया कि अखबारों व इलेक्ट्रॉनिक मीडिया में प्रकाशित डोर ब्लॉकिंग की न्यूज से रेलयात्रियों में जागरूकता फैली। नतीजतन ट्रेनों की डोर ब्लॉकिंग से जो समस्या पैदा हो रही थी,अब दिन प्रतिदिन सुधार होता दिखाई दे रहा है। डोर ब्लॉकिंग की कार्रवाई लगातार जारी रहेगी।


नारियाँ कमज़ोर नहीं
और ना ही मजबूर है
जब चाहे अपने दम पर खड़ी
हो सकती है क्यों न
शुरूआत यहीं से कि जाए ।
हर लड़की को हुनरमंद होना चाहिए

Shaheen Sayyed - 8268378600 Shamim Ansari - 9769166810

जन सेवा महिला बचत गट
एन्ड
सहारा महिला बचत गट

★ मेहंदी क्लासेस रु. २००/-
★ सीलाई क्लासेस रु. २५०/-
★ योगा क्लासेस रु. २००/-
★ ब्यूटिशियन क्लासेस रु. ८००/-
★ स्कूटी लर्निंग (सिर्फ लेडीज़ के लिए) रु. २०००/-

शेख अब्दुल हमीद चाल, गुलशन-ए-बगदाद मदरसा, आई ब्लॉक, प्रेम नगर, जोगेश्वरी (इस्ट), मुंबई-४०० ०६०.

वार्ड नंबर ७८ की महिलाओ के लिये सुनहरा मौका
कम कीमत में काम सीख कर अपना भविष्य उज्वल बनाए
जन सेवा महिला बचत गट
व
सहारा महिला बचत गट
से जुड़े
संपर्क करे



शाहीन सय्यद
मो.८२६८३७८६००


# आदिवासियों को ४८० स्क्वायर फुट का घर मिलना ही चाहिए



**मुंबई :** आरे कॉलोनी में बसे आदिवासियों को पुनर्वसन करते समय ४८० स्क्वायर फुट का घर देने का निर्णय सरकार ने विधानसभा में घोषित किया था। अगर सरकार ने आदिवासियों को ३०० स्क्वायर फुट का घर देने का निर्णय लिया तो आदिवासियों को न्याय दिलाने के लिए उनके साथ मजबूती से खड़ा रहूंगा। ऐसा स्पष्ट मत गृह निर्माण राज्य मंत्री रवींद्र वायकर ने व्यक्त किया है। गोरेगांव-पूर्व में आरे कॉलोनी स्थित पूर्वापार में आदिवासी व गैर आदिवासी पाड़ों के पुनर्वसन के संबंध में कल वायकर ने मंत्रालय में संबंधित विभाग के अधिकारियों की बैठक बुलाई थी। इस बैठक में वायकर ने संजय गांधी नेशनल पार्क, आरे कॉलोनी के आदिवासियों के पुनर्वसन के संबंध में हुई प्रगति की जानकारी अधिकारियों से ली। इस बैठक में मुख्यमंत्री कार्यालय में हुई बैठक में आदिवासियों को ४८० स्क्वायर फुट की जगह ३०० स्क्वायर फुट का घर देने के संबंध में हुए निर्णय की जानकारी अधिकारियों ने वायकर को दी। संजय गांधी पार्क में करीब २ हजार घर है और आरे कॉलोनी में करीब १७०० आदिवासी निवास करते हैं। आदिवासियों के पुनर्वसन के लिए आरे कॉलोनी में १२० एकड़ जमीन आरक्षित रखी गई है। ९० एकड़ जगह पर संजय गांधी नेशनल पार्क स्थित आदिवासियों व गैर आदिवासियों का पुनर्वसन करनेवाले हैं। उक्त दोनों मामलों को सदन में उठाया गया था। उक्त दोनों जगहों पर आदिवासियों को ४८० स्क्वायर फुट का घर दिया जाएगा। ऐसा आश्वासन वायकर ने सदन में दिया था। वायकर ने स्पष्ट किया कि सदन में दिया गया आश्वासन पूरा करना सरकार का कर्तव्य है।

# सर्वर हैक करके उड़ाए १४३ करोड़

**मुंबई :** पिछले दिनों पुणे स्थित कॉसमस बैंक का सरवर हैक करके साइबर के सेंधमारों ने ९४.४२ करोड़ से ज्यादा रुपए उड़ा लिए थे। इस मामले की जांच अभी चल ही रही है, इसी बीच मुंबई स्थित एक बैंक में साइबर डकैती का मामला सामने आने से हड़कंप मच गया है।

## कलीम की क़लम से

धमा-धम मची है देखो, धमाल सियासत में,
हर नाकारा कर रहा है, कमाल सियासत में।

धोखा, फ़रेब, लालच, ये सब उरुज पर हैं,
और है जमहूरियत का, ज़वाल सियासत में।

पाखंडियों के मुंह पर, ताले लगे हुए हैं,
पूछेगा कौन हक़ का, सवाल सियासत में।

हक़ पर जो चल रहे हैं, वो क़त्ल हो रहे हैं,
झूठों का हो रहा है, बवाल सियासत में।

मुर्दा ज़मीर सारे, कौड़ी में बिक रहे हैं,
बैमान सहाफ़ी हैं माला-माल सियासत में।

कल तक जो मसीहा थे, क़ौमों की बेहतरी के,
गलती नहीं है उनकी, अब दाल सियासत में।

मस्जिद-व-मंदिरों का, क्या खूब तमाशा है,
मुल्ला-व-पंडितों की, है चाल सियासत में।

रोज़ी-व-रोज़गारी, सब खत्म हो रही है,
उस पर से नौकरी है, बदहाल सियासत में।

मजबूर और बेबस, इतना किसान क्यों है?
आता नहीं किसी को, खय़ाल सियासत में।

दावे बड़े बड़े हैं उस रहनुमा के, लेकिन,
है बेटियों की इज़्ज़त, पामाल सियासत में।

बिस्तर पे मौत के ये, लेटी हुई है कब से,
ऐ नवजवान! साँसें कुछ डाल सियासत में।

क्योंकर कलीम तू ने, लफ़्ज़ों को यूँ पिरोया?
बुनने लगा है तू भी अब जाल सियासत में!!!

- कलीम सिद्दीक़ी


सभी देशवासियों को दशहरे की हार्दिक शुभेच्छा!

मॉडल, कलाकार, हेल्पर की जरूरत है

CINE, T. V. ARTISTS AND WORKERS ASSOCIA-TION (REGD.)



अच्छे मियाँ

कार्ड भी बनाकर दिया जाएगा... कार्ड की कीमत २५००/-

(Regd. No. A.L.C. -17-10174 Under Trade Union Act, 1926 With Government of Maharashtra)
Heena Arcade,Shop No16, S. V. Road, Jogeshwari (W), Mumbai-102
Tel. : 022-66989738 - 9220541108/ 08433238738

सभी देशवासियों को दशहरे की हार्दिक शुभेच्छा!

New Huma Caterers ®
दशहरे की हार्दिक शुभेच्छा!
Jogeshwari
★ We Have No Branch ★
Mohd. Salim
9820710325 / 9967865102
9867868339 / 26790046
: Address :
Shop No. 1, Old Ghaswala Stable, Next to Syndicate Bank, S.V. Road, Jogeshwari (W), Mumbai - 400 102.
Web.: www.newhumacaterers.com
E-mail : newhumacaterers@gmail.com

ज़ुल्म के खिलाफ़ आवाज़



परिवार की ओर से दशहरे की हार्दिक शुभेच्छा!

सभी देशवासियों को दशहरे की हार्दिक शुभेच्छा!
TAUHEED KHAN
8879027789 / 7666779287

Taufeek Caterers

Moghlai, Chinese, Vegetarian Pulav Mutton, Biryani, Mutton Korma, Chicken Korma, Dalgosht, Akhmi Pulav, Khichda, Zam Zam Pulav, Tandoori Akkha Bakra, Halwa, Falooda & All Types Food Made on Order

Prem Nagar, Eidgah Maidan Road, Opp. Babu Ration Shop, Behind Lucky Hotel, Jogeshwari (E), Mumbai 400 060.




Riyaz (Graphics Designer) Email: shaikharts2015@gmail.com
96198 36535
72085 31550
सभी देशवासियों को दशहरे की हार्दिक शुभेच्छा!
Shaikh Arts & Advertising
GRAPHICS DESIGNING | Wedding Cards
Screen & Offset Printing | Visiting Cards
Letter Head & Bill Book | Scanning & Email
Flex & Vinyl Printing | Computerized Typing हिन्दी मराठी عربی اردو
Passport Online
Aluminum Composite Panel, Acrylic - Letters, Signboard, Steel Brass Letters & LED works done here.
Brochure
Menu Cards
Authorized Agent All over India Railway Ticket Booking
E/29, Grace Plaza Shopping Center, Opp. Saabri Masjid, S.V. Road, Jogeshwari (W), Mumbai - 400 102. Email: riyazshaikh2011@gmail.com


मालिक, मुद्रक, प्रकाशक एवं संपादक - असगर अमीन शाह द्वारा सोमानी प्रिंटिंग प्रेस, गाला नं. 3-4 अमीन इंड. इस्टेट, सोनावाला क्रॉस रोड नं.2, जवाहर नगर फाटक ब्रिज के पास, गोरेगांव (पूर्व), मुंबई-400063 से मुद्रित कर रुम नं. जी-16, अमीन पारसी चाल, एस. वी. रोड, जोगेश्वरी (पश्चिम), मुंबई-400102 से प्रकाशित संपादक-असगर अमीन शाह